तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

13 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ घर-घर दे रहे सामाजिक ...

14 25 साल बाद भी शिक्षा से वंचित कमार आदिवासी...

खबर संक्षेप

10 वर्षों बाद दिखा घना कोहरा सड़क हादसे में तीन घायल

मैनपुर। मैनपुर क्षेत्र में इन दिनो घना कोहरा के चलते रात और सुबह के समय लोगों को भारी परेशानी हो रही है वहानों के पहिये जंगलों के भीतर थम जा रहे हैं ऐसे में गुरूवार को नगरी मार्ग में चिलाधुर नाला में घने कोहरे के कारण सुबह 5 बजे दो मोटर सायकल के जबरदस्त भिड़त हो गई जिसमें नमे मरकाम गंभीर रूप से घायल हो गया और दो लोगों की पैर फैक्चर हो गया जिन्हे इस मार्ग से गुजरने वाले प्राईवेट वाहन चालक ने नगरी अस्पताल तक पहुंचाया उसके बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया। आज भारी कोहरा के चलते आमने समाने सुबह 9 बजे तक कुछ नहीं दिखाई दे रहा था। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों बाद ऐसा घना कोहरा देखने को मिल रहा है जिसके चलते रात के समय वाहनो की काफीला सड़क के किनारे खड़े हो जा रही है।

शोभा में जन समस्या निवारण शिविर आज

मैनपुर। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्त वनांचलो में अनुविभाग स्तरीय जन समस्या निवरण शिविर का आयोजन 5 दिसम्बर से 02 जनवरी तक आयोजित किया है। मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने बताया कि गरियाबंद कलेक्टर के निर्देशानुसार मैनपुर अनुविभाग के जनमानस के समस्याओं के समाधान के लिए अनुविभाग स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है 05 दिसम्बर शुक्रवार को प्राथमिक शाला भवन शोभा में शिविर का आयोजन किया गया है। 12 दिसम्बर को ग्राम पंचायत भवन ध्रुर्वागुड़ी, 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत भवन गोहरापदर, 26 दिसम्बर को ग्राम पंचायत भवन अमलीपदर एवं 02 जनवरी ग्राम पंचायत भवन जिड़ार में शिविर का आयोजन किया गया है इस दौरान ब्लाक स्तर के अधिकारी अपने विभाग के कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहेगें।

महतारी सदन के लिए विधायक ने भोरिंग में किया स्थल निरीक्षण

महासमुंद। ग्राम भोरिंग में प्रस्तावित महतारी सदन के लिए गुरुवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान तेजेंद्र शर्मा, रमेश साहू, राधेश्याम साहू, राजू साहू, शरद मराठा सहित अन्य उपस्थित रहे।

आधार कार्ड के लिए गलत दस्तावेज अपलोड करने पर लगेगी पेनाल्टी

सरायपाली। रेडक्रॉस भवन रायपुर में राज्य स्तरीय यूआईडीएआई की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नए आधार सॉफ्टवेयर, दस्तावेज संशोधन प्रक्रिया एवं अपडेट नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से आए आधार ऑपरेटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम में यूआईडीएआई की टेक्निकल टीम दिल्ली तथा आरओ कार्यालय हैदराबाद की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। बैठक में महासमुंद आधार ईडीएम भूपेन्द्र के मार्गदर्शन में जिले के सभी ऑपरेटर एवं आधार कोऑर्डिनेटर मूलचंद निषाद, जिला ऑपरेटर डीगेस सिन्हा, आधार गाइड टीम चकरदा से चेतराम पटेल, बलौदा से रेशम यादव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। आधार गाइड टीम ने ऑपरेटरों पर लगने वाली पेनाल्टी के विषय पर चर्चा की। गलत दस्तावेज अपलोड होने पर भारी पेनाल्टी लगने की संभावना को देखते हुए ऑपरेटरों को यह स्पष्ट रूप से बताया गया कि कौन-से दस्तावेज मान्य हैं और कौन-से अब पूरी तरह इनवैलिड घोषित किए जा चुके हैं।

साय कालेज के प्राचार्य के नाम पर क्लोनिंग बनाकर साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिले में साइबर ठगी का एक गंभीर और नया मामला सामने आया है, जिसमें साइबर अपराधियों ने वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय के प्राचार्य आरआरके तलवरे के नाम और फोटो का दुरुपयोग किया। ठगों ने प्राचार्य की तस्वीर का इस्तेमाल फर्जी व्हाट्सऐप प्रोफाइल बनाकर किया और शिक्षकों तथा विद्यार्थियों से पैसों की मांग करने लगे। साइबर अपराधी ने सबसे पहले महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से प्राचार्य तलवरे की तस्वीर डाउनलोड की और उसे व्हाट्सऐप की डिस्प्ले पिक्चर बनाकर इस्तेमाल किया। इसके बाद, स्टाफ और छात्रों को मैसेज भेजना शुरू कर दिया।

फर्जी व्हाट्सएप डीपी लगाकर ठगी का प्रयास

प्राचार्य ने जारी की चेतावनी

प्राचार्य आरआरके तलवरे ने पुष्टि की कि किसी साइबर अपराधी ने उनकी फोटो और स्टाफ के नंबरों का गलत उपयोग करते हुए यह फर्जी पहचान बनाई है। उन्होंने स्पष्ट किया, यह स्पष्ट रूप से साइबर ठगी का मामला है। मैं सभी लोगों से अपील करता हूँ कि इस नंबर को तुरंत ब्लॉक करें और किसी भी तरह की पैसों की मांग पर कतई विश्वास न करें। जिले में एक सम्मानित शिक्षक और प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के नाम का उपयोग कर ठगी की इस कोशिश ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। प्राचार्य तलवरे ने शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे फर्जी नंबर को तत्काल ब्लॉक करें और इसकी सूचना महाविद्यालय प्रशासन को दें।

ठगी का तरीका 'प्रोफाइल क्लोनिंग'

साइबर अपराधी इन दिनों इसी तरह की रणनीति का उपयोग कर रहे हैं, जिसे अक्सर **प्रोफाइल क्लोनिंग** कहा जाता है। वे किसी परिचित या प्रतिष्ठित व्यक्ति की फोटो लगाकर फर्जी व्हाट्सऐप प्रोफाइल बनाते हैं। फिर, वे मैसेज भेजते हैं कि वे किसी महत्वपूर्ण बैठक में हैं, इसलिए कॉल नहीं कर सकते, और उन्हें 'तुरंत' पैसों की आवश्यकता है। परिचित की फोटो होने के कारण लोग भ्रमित होकर या संकोचवश ठगी का शिकार हो जाते हैं।

भेजे गए संदेश में लिखा थाः "मुझे तुरंत पैसों की आवश्यकता है, क्या आप भेज सकते हैं? यह संदेश अंग्रेजी में देखकर स्टाफ को तुरंत संदेह हुआ, क्योंकि प्राचार्य तलवरे सामान्यतः हिंदी में ही संवाद करते हैं। संदेह होने पर जब स्टाफ ने प्राचार्य तलवरे को यह जानकारी दी, तब पूरा मामला उजागर हुआ। थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने इस मामले पर संज्ञान लेते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। थाना प्रभारी के अनुसार, कोई भी व्यक्ति संकट में केवल संदेश भेजकर पैसे नहीं मांगता। किसी भी परिचित के नाम से आए पैसों की मांग वाले संदेश पर तुरंत सावधानी बरतें और बिना पुष्टि किए पैसे न भेजें।

समस्या : सामुदायिक भवन में हमेशा शादी-विवाह व अन्य कार्यक्रम होते हैं पर नहीं है सुविधा

मैनपुर का सामुदायिक भवन खंडहर, जर्जर छत, टूटे शौचालय व गंदगी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत लाखों रुपए की लागत से वर्ष 2006-07 में निर्मित मैनपुर का एकमात्र विशाल सामुदायिक भवन, आज जनपद पंचायत मैनपुर की कथित लापरवाही के कारण अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। रख-रखाव के घोर अभाव में यह भवन बद से बदतर होता जा रहा है, जबकि यह तहसील मुख्यालय का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र है जहाँ राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बैठकें और शादी-विवाह जैसे सभी बड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं। यह सामुदायिक भवन जनपद पंचायत मैनपुर के अंतर्गत आता है और इसके उपयोग के लिए जनपद द्वारा बकायदा शुल्क लिया जाता है। जिसमें बीपीएल परिवार 2,500 प्रति दिन, सामान्य परिवार 3,500 प्रति दिन स्थानीय नागरिकों और आयोजकों का सवाल है कि जब जनपद पंचायत इस भवन से लाखों की आय कमाता है, तो इसकी मरम्मत, सफाई और उन्नयन में इतनी घोर लापरवाही क्यों?

जनप्रतिनिधि और नागरिकों का सवाल

कई बड़े अधिकारी, सांसद, और विधायक यहां कार्यक्रम के सिलसिले में पहुँचते हैं, लेकिन इस जर्जर हो रहे भवन की मरम्मत करवाने की सुध किसी ने नहीं ली है। यह स्थिति जनपद की 'बेपरवाह व्यवस्था' को दर्शाती है। ग्राम पंचायत मैनपुर के उपसरपंच अनिश सोलंकी, बलदेव नायक, खेत्री कश्यप, पारेश्वर नेताम सहित नगर के पंचों और वरिष्ठजनों ने सामूहिक रूप से मांग की है कि सामुदायिक भवन की तत्काल मरम्मत करवाई जाए। शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। नागरिकों का कहना है कि आय का मुख्य स्रोत यही भवन है, तो सुविधा सुधार पर खर्च क्यों नहीं किया जा रहा है? आखिर यह पैसा कहाँ जा रहा है? सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद, मरम्मत के नाम पर केवल खाना-पूर्ति की जा रही है।

बदहाली का मंज़र उपेक्षित और अनुपयोगी

डॉ. रमन सिंह सरकार के कार्यकाल में लगभग 50 लाख की लागत से बने इस भवन की वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय है। भवन बारिश के दिनों में जगह-जगह से पानी सीपेज कर रहा है। बिजली बोर्ड और लाइटें टूट-फूट चुकी हैं, और फर्श की टाइलें उखड़ रही हैं। भवन के चारों तरफ गंदगी और कचरे का ढेर लगा हुआ है। परिसर में मवेशियों की आमद-जावत लगी रहती है, जिससे आयोजकों को कार्यक्रम शुरू करने से पहले स्वयं सफाई करवानी पड़ती है। भवन में बने शौचालय और मूत्रालय की स्थिति बेहद खराब है। शीट टूट-फूट गई है, और दरवाजे-खिड़कियां भी टूटी हुई हैं, जिसके कारण ये उपयोग लायक नहीं बचे हैं। विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। आंगन और आसपास का बड़ा हिस्सा आज भी कच्चा है। कंक्रीटीकरण न होने से बारिश के समय पूरा परिसर दलदल में बदल जाता है, जहां फिसलन के कारण महिलाएं और बुजुर्ग कई बार गिरते-गिरते बचे हैं।

मुड़ागांव में चोरी की वारदातें बढ़ीं, एक ही घर में दो बार सेंधमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम मुड़ागांव में इन दिनों चोरी कि मामला दिनों दिन बढ़ती जा रही है मुड़ागांव निवासी परिमल जयधर ने बताया कि उसके घर से रविवार 30 नवंबर के रात्रि में घर पर रखे बेग और पर्स से 26 हजार नगद राशि की चोरी हो गई है।चोरी होने की जानकारी सुबह उठे और बेग को देखे तो बेग और पर्स से पैसा गायब हो गया था।जिसकी जानकारी होने पर तत्काल छुरा थाना में जा कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। छुरा थाना में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद छुरा पुलिस अभी तक जांच में नहीं आया और उसी के घर में घर से लगे किराना दुकान में एक बार और चोरी दो दिसंबर की रात्रि में फिर से चोरी हो गया दुकान के गल्ला से नगद छै सौ रुपए एवं चिल्हर पैसा रखा हुआ था सभी को उठा ले गए। पहले दिन 30 नवंबर की रात्रि में चोरी हुआ तब छुरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लेकिन छुरा पुलिस ने पहले दिन की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर अभी तक जांच नहीं हुआ जिससे परिमल जयधर ने शासन प्रशासन से मांग की है की तत्काल पुलिस प्रशासन सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

आदर्श विद्यालय के दिव्यांग छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा जिला गरियाबंद द्वारा विविध प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा के चार बच्चों ने भाग लिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में खेलकूद, साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिता रखा गया था। आदर्श विद्यालय से सुमित ध्रुव ने मोती चुनने में द्वितीय स्थान, मोनिका ने रंगोली में द्वितीय स्थान, पुनेश्वर ने गीत गायन में द्वितीय स्थान और लोकनाथ ने गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंट से सम्मानित किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के शिक्षाविद के.आर. ▶▶|शेष पेज 13 पर

राजिम में त्रिवेणी संगम प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धार्मिक नगरी राजिम एवं नवापारा में महानदी एवं त्रिवेणी संगम प्रदूषित है। महानदी की हालत ज्यादा दयनीय है। लगभग 2 किलोमीटर के क्षेत्र में महानदी छोटे-छोटे पोखरनुमा गड्ढों में कीचड़ सैलाब एवं कटीली झाड़ियां उग आई है। नदी का बहाव बंद हो जाने से दलदल हो गया है। पानी नहाने लायक ▶▶|शेष पेज 13 पर

जंगली सुअर के हमले से ग्रामीण गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के छुईहा बेलर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवगांव की रिहायशी बस्ती में गुरुवारदिन करीब 11 बजे जंगली सुअर के अचानक हमले से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। इस आकस्मिक हमले में एक ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब सुबह दाल बेचने आए एक व्यापारी से खरीदारी करने के लिए 10-15 ग्रामीण बस्ती की गली में एकत्रित हुए थे। इसी दौरान, खेत की ओर से निकला एक जंगली सुअर* तेज रफ्तार से सीधे भीड़ के बीच घुस आया और हमला कर दिया। सुअर के अप्रत्याशित हमले से पूरे इलाके में दहशत फैल गई और लोग चीख-पुकार करते हुए अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। अफरातफरी के इसी माहौल में, देवगांव निवासी कमलनारायण साहू पर सुअर ने सीधा हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों की पुकार ▶▶|शेष पेज 13 पर

वन विभाग से गश्त बढ़ाने की मांग

घटना के बाद, परिजनों ने वन विभाग से वन्यजीव हमले के कारण राहत राशि प्रदान करने हेतु **धारा 6(4) के तहत सहायता की मांग की है। उल्लेखनीय है कि देवगांव, परसदाकला, खुड़सा, गनियारी और घटारानी जैसे वनांचल क्षेत्रों में जंगली जानवरों विशेषकर हाथी, भालू, तेंदुआ और जंगली सुअर की आवाजाही की खबरें अक्सर आती रहती हैं। ग्रामीणों का इन जानवरों से आए दिन आमना-सामना हो जाता है, जिसके कारण ऐसे हमले हो रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की जानलेवा घटनाओं को रोका जा सके।

भूमिगत केबल और वन अनुमति के चलते 849 करोड़ का भारी-भरकम बजट

जिले के 53 वनांचल ग्रामों का विद्युतीकरण अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले मैनपुर विकासखंड के 53 ग्राम वर्तमान में सौर ऊर्जा से विद्युतीकृत हैं। सेंट्रल इलेट्रिसिटी ऑथोरिटी रेगुलेशन 2023 के प्रावधानों के अनुसार संरक्षित क्षेत्रों (राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभ्यारण्य संरक्षण रिजर्व, सामुदायिक रिजर्व) एवं वन्यजीव गलियारों के आसपास पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरने वाली 33 केव्ही एवं इससे निम्न वोल्टेज की विद्युत लाईनों के लिए केबल भूमिगत केबल का उपयोग किए जाने के लिए निर्देश दिया गया है। छग स्टेट पावर डिस्ट्रब्युशन कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उक्त 53 ग्रामों में विद्युतीकरण के लिए 11 केव्ही लाईन विस्तार के लिए वन विभाग की अनुमति की आवश्यकता है। उन सभी ग्रामों में सीईए के निर्देशानुसार भूमिगत केबल से विद्युतीकरण किया जाना है। उक्त 53 ग्रामों को भूमिगत केबल से विद्युतीकरण के लिए प्राक्कलन राशि 26589.43 लाख एवं एफसीए अंतर्गत वन विभाग से अनुमति के लिए राशि 58359.73 इस प्रकार कुल राशि 84949.16 लाख रुपये अनुमानित है। भूमिगत केबल से विद्युतीकरण एवं वन विभाग से अनुमति के लिए अत्यधिक फंड की आवश्यकता है। इन सभी ग्रामों के परंपरागत तरीके से विद्युतीकरण के लिए उक्त बजट की व्यवस्था करना महत्वपूर्ण कार्य है। इसके लिए वन विभाग से अनुमति पश्चात इन 53 ग्रामों के परंपरागत तरीके से विद्युतीकरण के लिए 04 अगस्त 2025 के माध्यम से वृत्त कार्यालय को प्रेषित किया गया है। स्वीकृति उपरांत कार्य प्रारंभ किया जाएगा। ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले के 53 वनांचल ग्रामों में विद्युतीकरण नहीं होने के कारण आदिवासी ग्रामों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करन पड़ रहा है। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ लगातार प्रकाशित किया है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

खबर संक्षेप

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद का लोकभवन में राज्यपाल ने किया स्वागत

रायपुर। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के छत्तीसगढ़ आगमन पर बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल रमेन डेका ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया और उन्हें शाल स्मृति चिन्ह भेंट किया। उल्लेखनीय है कि श्री कोविंद अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के छठवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय और सचिवालय का नाम बदलने के फैसले पर कहा, यह सब राजनीतिक बातें हैं, जो बदला है, अच्छा किए हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन के बारे में सवाल पूछा, तो पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने बताया कि यह मामला अभी संसद में पेंडिंग है।

आशुतोष शर्मा न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय संयोजक बने

रायपुर। छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ रायपुर अपने पदाधिकारियों का पुनर्गठन एवं विस्तार करते हुए आशुतोष शर्मा को छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय संयोजक के पद पर मनोनित किया है। इससे पहले आशुतोष शर्मा रायपुर संघ के पूर्व अध्यक्ष रह चूके है। संघ ने उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी है। छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष नागेश्वर सिंह मौर्य, द्वारा संघ के संविधान के अनुसार प्रांतीय पदाधिकारियों की सहमति उपरांत उन्हें प्रांतीय संयोजक के पद पर मनोनित किया है, जिससे सभी न्यायिक कर्मचारियों में नयी उर्जा एवं खुशी का महौल है।

जिले में अब तक 11.68 लाख क्विंटल धान की खरीदी

रायपुर। जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदा जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को 2310 किसानों से 1 लाख 11 हजार 157.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार जिले में अब तक 24631 किसानों से 11 लाख 68 हजार 168.40 क्विंटल की खरीदी हुई है।

रबी फसल बीमा के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

रायपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए रायपुर जिले में 1 से 7 दिसंबर तक फसल बीमा सप्ताह आयोजित किया है। रबी वर्ष 2025-26 के लिए जिले में बीमा संचालन के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कंपनी को चयनित किया है। जिला प्रशासन के अनुसार इस रबी मौसम में चना, अलसी, सरसों, गेहूं सिंचित तथा गेहूं असिंचित को अधिसूचित फसलों में शामिल किया गया है। किसानों के लिए बीमा आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।

विभागों ने योजनाओं की राशि 34 करोड़ रुपए बरसों से दबाए रखी, अब फिर जाएगी सरकार के खजाने में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कई विभागों ने सरकारी योजनाओं की राशि करीब 34 करोड़ रुपए सिविल जमा में ट्रांसफर कर बरसों तक निष्क्रिय के-डिपॉजिट खातों में जमा रखी थी। अब सरकार ने इन खातों की राशि को सरकारी खजाने राज्य की संचित निधि में ट्रांसफर करने का आदेश जारी किया है।

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी भारसाधक सचिवों के लिए आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि विभिन्न विभाग द्वारा योजनाओं की राशि लोक लेखा शीर्ष सिविल जमा में ट्रांसफर करके विगत कई वर्षों से जमा रखी है। कोषालय संहिता के अनुसार तीन साल से अधिक समय तक निष्क्रिय के- डिपॉजिट खातों की राशि राज्य की संचित निधि में वापस जमा की जानी चाहिए। राज्य के विभिन्न कोषालयों में कई विभागों, कार्यालयों के निष्क्रिय खातों की सूची भी वित्त विभाग ने जारी की है और कहा है कि इन खातों में जमा राशि को संबंधित विभागीय राजस्व प्राप्ति शीर्ष में राज्य की संचित निधि में ट्रांसफर करें।

कई विभाग और कार्यालय पैसा दबाए रखने में करोड़पति

विभागों के दफ्तरों ने करोड़ों रुपए जमा रखे

वित्त विभाग ने निष्क्रिय खातों में जमा राशि की जो सूची जारी की है, उसके हिसाब से करीब 34 करोड़ रुपए निष्क्रिय खातों में पड़े रखे गए हैं। इस तरह के कई विभागों और कार्यालयों की उल्लेख सूची में है। सूची के मुताबिक कार्यालय अभियंता ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा राजनांदगांव 4 करोड़ 12 लाख 58 हजार कलेक्टर कबीरधाम के निष्क्रिय के डिपॉजिट खाते में 2 करोड़ 93 लाख 85 हजार, श्रम पदाधिकारी सुकमा 2 करोड़ 31 लाख 88 हजार, श्रम पदाधिकारी सुरजपुर 1 करोड़, 84 लाख, उप संचालक उद्यानिकी कार्यालय रायपुर में 1 करोड़ 2 लाख 57 हजार, एकीकृत आदिवासी विकास विभाग अंबिकापुर 1 करोड़ 27 लाख 46 हजार, उप संचालक कृषि जशपुर 1 करोड़ 92 लाख 94 हजार, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजन अंबिकापुर 1 करोड़ 1 करोड़ 27 लाख 46 हजार बिना खर्च किए निष्क्रिय खातों में जमा रखे रहे। इनके अलावा भी कई और विभागों, कार्यालयों ने लाखों और हजारों रुपए निष्क्रिया खातों में जमा रखे।

9 दिसंबर से नए विधानसभा में ली जाएंगी ध्यानाकर्षण और स्थगन सूचना

सवा छह सौ से अधिक सवालों से गरमाएगा शीतकालीन सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा का शीतकालीन सत्र चार दिन के लिए आहूत किया गया है। 14 से 17 दिसंबर तक चलने वाले सत्र के लिए नवा रायपुर के नए विधानसभा भवन में तैयारी पूरी हो गई है। सत्र के लिए विधायकों ने 628 सवाल लगाए हैं। इन सवालों से नवा रायपुर के विधानसभा भवन में होने वाला शीतकालीन सत्र गरमाएगा। विपक्ष और सत्ता पक्ष के अधिकतर विधायकों ने सबसे अधिक ऑनलाइन सवाल लगाए हैं, जिनकी संख्या 604 थी। वहीं 24 सवाल ऑफलाइन लगाए।

सत्र के दौरान पहले दिन रविवार 14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विजन 2047 को लेकर चर्चा की जाएगी। पहले दिन प्रश्नकाल नहीं होगा। सोमवार से बुधवार तक सत्र की कार्यवाही में प्रश्नकाल के साथ अन्य सेशन भी होंगे। इस दौरान सदस्यों द्वारा लाए गए मुद्दों पर भी चर्चा होगी। बताया गया है कि सत्र में लगाए गए सवालों में कानून व्यवस्था, धान खरीदी, सड़कों की बदहाली, राशन वितरण में गड़बड़ी सहित कई मामलों पर सवाल किए जाएंगे। सत्र के लिए 9 दिसंबर से बैठक वाले दिन सुबह 8 बजे तक ध्यानाकर्षण सूचना, स्थगन की सूचना और नियम 267 क के अधीन सूचनाएं दे सकेंगे। सभी सूचनाएं नए विधानसभा भवन में ली जाएंगी। सचिवालय के अनुसार एक सदस्य द्वारा एक दिन के लिए दो ध्यानाकर्षण और एक स्थगन की सूचना ही दी जा सकेगी। तीन दिन के सत्र के लिए एक विधायक के द्वारा 6 ध्यानाकर्षण और 3 स्थगन की सूचनाएं ही स्वीकार की जाएंगी।

नए विधानसभा भवन में होगी कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि सत्र की पूरी कार्यवाही नवा रायपुर स्थित विधानसभा भवन में होगी। 18 नवंबर को पुराने विधानसभा से शुरू हुए सत्र को आगे बढ़ाते हुए चार दिन का सत्र नए विधानसभा भवन में कराने का निर्णय लिया गया है। यहां पर होने वाले चार दिन के सत्र के लिए बैठक व्यवस्था तय नियमों के आधार पर होगी।

पुराने विधानसभा भवन से शिफ्टिंग

नया विधानसभा भवन तैयार होने के बाद पुराने विधानसभा भवन की फाइलें, फर्नीचर और अन्य सामान की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। 10 दिसबर तक इसे पूरा करने का प्लान तैयार किया गया है। सभी सेक्शन के लोगों को आवश्यक दस्तावेजों को व्यवस्थित कर नए विधानसभा भवन में आवंटित स्थान तक ले जाने कहा गया है। सत्र शुरू होने के पहले यह भवन खाली करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि नए भवन से कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो सके।

राजस्व अधिसूचना का सिस्टम होगा डिजिटल

राजस्व मंत्री ने छत्तीसगढ़ में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विकसित नई प्रणाली के तहत राजपत्र प्रकाशन की संपूर्ण प्रक्रिया अब डिजिटल माध्यम से संचालित होगी। पूर्व में विभागों एवं जिला कार्यालयों से मुद्रणालय तक पाण्डुलिपि भेजने की प्रक्रिया समय और भौतिक संसाधनों पर आधारित थी, जिसे अब पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया गया है। नए ई-गजट पोर्टल के माध्यम से विभाग अपने आदेश एवं अधिसूचनाएं सीधे अपलोड करेंगे तथा प्रकाशित राजपत्र भी सभी के लिए ऑनलाइन सुलभ रहेगा।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंत्रालय में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए ई-गजट ऑनलाईन पोर्टल पोर्टल के माध्यम से अब शासन के सभी विभाग तथा जिला कलेक्टरों द्वारा जारी आदेश, अधिसूचनाएं, अध्यादेश एवं अन्य प्रकाशन सामग्री सीधे ऑनलाइन पाण्डुलिपि रूप में संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग को भेजी जाएगी, जहां से शासकीय मुद्रणालय इसे ई-गजट के रूप में ऑनलाइन प्रकाशित करेगा।

ई-गवर्नेंस नीतियों को भी मजबूत आधार मिलेगा

ई-गजट प्रणाली लागू होने से अधिसूचना प्रकाशन संबंधी कार्यों में उल्लेखनीय तेजी आएगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से न केवल प्रक्रियाएं सरल होंगी, बल्कि कार्य पूर्णतः पेपर-लेस होने से शासन की ई-गवर्नेंस नीतियों को भी मजबूत आधार मिलेगा। राजपत्रों का ऑनलाइन प्रकाशन पारदर्शिता, सुलभता और रिकॉर्ड प्रबंधन को भी अधिक प्रभावी बनाएगा। छत्तीसगढ़ शासन की यह पहल राज्य में डिजिटल शासन, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ई-गजट पोर्टल के शुभारंभ से अब राजपत्र प्रकाशन अधिक सुगम, समयबद्ध और आधुनिक स्वरूप में उपलब्ध हो सकेगा।

महतारी वंदन की 22वीं किस्त जारी 67.68 लाख हितग्राहियों को राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने वाली राज्य सरकार की प्रमुख योजना महतारी वंदन के तहत आज 22वीं किस्त का भुगतान मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, महतारी वंदन योजना हमारी माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की महिलाएं परिवार, समाज और राज्य की उन्नति की आधारशिला हैं और उनका सशक्त होना एक सशक्त प्रदेश की अनिवार्य शर्त है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि प्रतिमाह सीधे बैंक खातों में राशि अंतरित होने से माताओं को न केवल आर्थिक संबल मिलता है, बल्कि परिवार की पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने में भी सुनिश्चित सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र हितग्राही इस सहायता से वंचित न रहे तथा पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महतारी वंदन योजना आने वाले समय में लाखों परिवारों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी और छत्तीसगढ़ के विकासयात्रा को नई ऊर्जा देगी।

- मुख्यमंत्री ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के कार्यक्रम में किया जारी

634.65 करोड़ रुपये की राशि जारी

उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से प्रारंभ होने के बाद अब तक 21 किश्तों में कुल 13,671.68 करोड़ रुपये की सहायता राशि लाभार्थियों को प्रदान की जा चुकी है। इस माह 67,78,674 पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इसमें 67,71,012 हितग्राहियों को 633.89 करोड़ रुपये तथा नियद नेल्ला नार क्षेत्र की 7,662 महिलाओं को 76.30 लाख रुपये प्रदान किए गए। इस प्रकार महतारी वंदन योजना की 22वीं किश्त अंतर्गत कुल 634.65 करोड़ रुपये की राशि पात्र हितग्राहियों को अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री ने दत्तात्रेय जयंती की दी शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान दत्तात्रेय की जयंती (4 दिसम्बर) के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने भगवान दत्तात्रेय से समस्त नागरिकों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा, भगवान दत्तात्रेय सत्कर्म, सादगी, विनम्रता, त्याग और ज्ञान के शाश्वत प्रतीक हैं।

भारतीय नौसेना दिवस आज सीएम की शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस के अवसर पर देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सतत तत्पर भारतीय नौसेना के जांबाज अधिकारियों, वीर जवानों एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

पीएससी ने बढ़ाई पद संख्या

रायपुर। छग लोक सेवा आयोग द्वारा 26 नवंबर को मुख्य सेवा परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में संशोधन किया गया है। पूर्व में यह परीक्षा 238 पदों के लिए प्रस्तावित थी। अब इसमें एक पद की वृद्धि की गई है। परीक्षा अब 239 पदों के लिए होगी। मुख्य सेवा परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं। परीक्षार्थी 30 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। संशोधित पद सहित अन्य जानकारियां पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

गाइडलाइन पर बृजमोहन के पत्र को कांग्रेस ने बताया दिखावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुये कि आज छत्तीसगढ़ में सुशासन के नाम पर लगातार कुशासन का चक्र चल रहा है। जमीन गाइड लाइन वृद्धि को लेकर प्रदेश की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ मंत्री ओपी चौधरी इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बता रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल इसके विरोध में दिखावे के लिये पत्र व्यवहार रहे हैं, जो महज खानापूर्ति नौटंकी है।

शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, पप्पू बंजारे, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, आकाश तिवारी के साथ पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने इस पर कहा, आपको सही में पीड़ा है, तो किसानों और व्यवसायियों के साथ आंदोलन करें। जनहित के लिए सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन और जन-आंदोलन करें। आम जनता के हित के लिए कांग्रेस पार्टी भी आपको समर्थन देने के लिए तैयार है। विकास उपाध्याय ने कहा कि चिट्ठी लिखना महज एक खानापूर्ति है। इससे पहले भी सिर्फ खानापूर्ति के लिए बृजमोहन अग्रवाल ने कई पत्र लिखें हैं। डबल इंजन की सरकार में रसूखदार नेता अपने ही पार्टी के तुगलकी फरमान के विरोध में नौटंकी करते हुये प्रदेश की भोली-भाली आम जनता को बहला कर बेवक़ूफ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य की भाजपा सरकार नई गाइड लाइन को तत्काल निरस्त नहीं करती है, तो कांग्रेस किसानों और व्यापारियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

- जन-आंदोलन का करें समर्थन, कांग्रेस पार्टी भी उनके साथ है- विकास

प्राचार्य व प्रोफेसर की आठ समितियां जांचेंगी लैब अटेंडेंट के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा–2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ों के सत्यापन की प्रक्रिया 8 से 12 दिसंबर तक चलेगी। सत्यापन कार्य विज्ञान महाविद्यालय परिसर स्थित क्षेत्रीय अपर संचालक (रूसा) कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक दो पालियों में संपन्न होगा। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग डॉ. संतोष देवांगन ने बताया कि 430 पदों के विरुद्ध तीन गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाया गया है। इसमें सामान्य वर्ग के कुल 538 जिसमें महिला 164 तथा 374 पुरुष, अन्य पिछड़ा वर्ग के 190 में से महिला 56 और 134 पुरुष, अनुसूचित जाति वर्ग के 159 में से महिला 46 और 113 पुरुष तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 419 में से महिला 123 और 296 पुरुष शामिल होंगे। इसी तरह दिव्यांग वर्ग के 91, भूतपूर्व सैनिक के 206 अभ्यर्थी दस्तावेजों के सत्यापन में शामिल होंगे।

- 1603 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 8 से 12 तक

वरिष्ठ अधिकारी भी रहेंगे शामिल

उच्च शिक्षा विभाग ने दस्तावेजों के सत्यापन कार्य को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए कुल आठ समितियां बनाई हैं। प्रत्येक समिति में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक तथा वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। सभी समितियां 8 से 12 दिसंबर तक प्रतिदिन निर्धारित समय में अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का परीक्षण करेंगी। इस संबंध में विस्तृत निर्देश उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यह प्रक्रिया भर्ती में पारदर्शिता बढ़ाने और चयन कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

योजनाओं को दुर्भावना पूर्वक बंद किए जाने का लगाया आरोप

2 साल में 17 जनकल्याणकारी योजनाएं बंद, कांग्रेस ने कहा- जनता को किया निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया।

उन्होंने कहा, भाजपा की विष्णुदेव सरकार 2 साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 2 साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कही नहीं दिख रही। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। 18 लाख आवास देने का वादा था, दो साल में हितग्राहियों को मकान नहीं दे पाये। कांग्रेस राज में 7 किलो राशन मिलता था, उसमें कटौती हो गयी। सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में बिजली कटौती शुरू हो गयी। जमीनों की रजिस्ट्री में जनता को लूटा जा रहा है। भूमि के गाइड लाइन की दर में 30 प्रतिशत के छूट को समाप्त कर दिया, गाइड लाइन की दर 800 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया, लेकिन रजिस्ट्री फीस में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी को नहीं हटाया गया। भाजपा के दो साल में किसान आत्महत्या दौर चालू हो गया। किसान आत्महत्या कर रहे। राजनांदगांव, बस्तर, बिलासपुर, महासमुंद हर जगह से किसानों की आत्महत्या की खबरें आ रहीं।

इन योजनाओं को किया बंद

400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो कुटकी रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।

नई दिल्ली में मई में लगेगा भव्य स्वदेशी मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्टअप, इको सिस्टम और लघु उद्योगों सहित कारीगरों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने मई माह में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भव्य स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाएगा। कैट ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर वर्ष 2026 के मई माह में स्वदेशी मेला 2026 आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह मेला मई में नई दिल्ली के प्रगति मैदान पर ऐतिहासिक रूप से आयोजित होगा।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्ट-अप लघु उद्योगों, कारीगरों, एमएसएमई और मेड इन इंडिया उत्पादों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए कैट ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर वर्ष मई माह में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में सबसे भव्य स्वदेशी मेला-2026" आयोजित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पदाधिकारियों ने बताया कि गत 25 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की बैठक में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैट को स्वदेशी मेला लगाने का सुझाव दिया था। अमर पारवानी ने बताया कि यह मेला न केवल भारत के व्यापार, उद्योग और कारीगरी की शक्ति को प्रदर्शित करेगा, बल्कि मेड इन इंडिया उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने और भारतीय उद्यमशीलता को नए शिखर तक ले जाने का सबसे बड़ा मंच बनेगा। देशभर के उद्योगों, स्टार्ट-अप्स, महिला उद्यमियों, कारीगरों व छोटे निर्माताओं के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है कि वे अपने उत्पादों और नवाचारों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों के सामने प्रस्तुत कर सकें।

श्री पारवानी ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन के देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति डॉ. राम गोपाल गोयल की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय संचालन बोर्ड विशेष रूप से गठित किया गया है।

खबर संक्षेप

अगहन पुन्नी पर की गई लक्ष्मी की विशेष पूजा

अरंड (पिथौरा)। ग्राम कोटादादर में अगहन पुन्नी पर गुरुवार को माता लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की गई। अपने-अपने घर के आंगन को रंगोली में सजाए। चावल आटे से पद चिन्ह भी बनाए गए। गांव की अनुसुया बाई ध्रुव, हेमलताबाई ध्रुव आदि ने अगहन पर प्रत्येक गुरुवार को व्रत उपासना को विशेष बताया है।

आंगनबाड़ी के मरम्मत के लिए आई राशि का अब तक उपयोग नहीं

महासमुंद। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नपा अधिकारी अशोक सलामे को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि छग शासन द्वारा महिला बाल विकास विभाग से नगर पालिका को आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत जीर्णोद्वार के लिए 21 लाख 60 हजार रुपए प्राप्त हुए लगभग 5 माह हो गए। लेकिन, अभी तक इस दिशा में ठोस पहल नही हुई है। तत्काल आंगनबाड़ी भवनों का जायजा लेकर सूची तैयार कर शीघ्र मरम्मत कराया जाए। नपाउपाध्यक्ष ने कहा कि राशि वित्तीय वर्ष में खर्च नही होगी, ऐसी स्थिति में शासन वापस मांग लेगी।

पेज 11 के शेष...

आदर्श विद्यालय ...

सिन्हा, बी.एल. तारक, एस.आर. निषाद, उख़राज ध्रुवा, सी.आर. सिन्हा, अध्यक्ष संतराम साहू, प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन, उमेश कुमार ढीढी, अर्जुन धनंजय सिन्हा, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, स्टॉफ पीली बाई, प्रोतिमा शर्मा, कविता पटेल, रूक्मणी ने बधाई, शुभकामनाएं प्रेषित किया।

राजिम में त्रिवेणी...

नहीं है। पानी को हाथों में लेकर देखा जाय तो पानी मटमैला है। पानी में छोटे छोटे कीड़े तैरते हुवे स्पष्ट दिखाई पड़ रहे है। संगम की दयनीय स्थिति से नगरवासी एवं श्रद्धालुओं में भारी क्षोभ और चिंता है। रोज सैकड़ों की संख्या में छत्तीसगढ़ के धार्मिक आस्था की नगरी राजिम में भगवान श्रीराजीव लोचन, श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के लिए आते है। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ के उद्देश्य से हजारों लोग पहुंचते है। अपने परिजनो के मरणोपरांत अस्थि विसर्जन के लिए बड़ी श्रद्धा के साथ लोग आते जरूर है मगर उन्हें निराशा होती है। क्योंकि त्रिवेणी संगम का पानी बहुत ज्यादा प्रदूषित है। स्थानीय लोगों की मांग है कि व्यापक कार्ययोजना बनाकर महानदी एवं त्रिवेणी संगम की सफाई करवाई जाय। जिससे न केवल बरसात में बल्कि साल भर महानदी की साफ एवं स्वच्छ अविरल जल बहती रहे। आस्था लेकर राजिम त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं को निराशा न हो।

जंगली सुअर ...

सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह सुअर को जंगल की ओर भगाया। घायल कमलनारायण साहू को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर ले जाया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, अब उनकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

शोभा में जन...

एवं 02 जनवरी ग्राम पंचायत भवन जिड़ार में शिविर का आयोजन किया गया है इस दौरान ब्लाक स्तर के अधिकारी अपने विभाग के कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहेगें।

दिवस : आरएसएस शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन अभियान, समरस और सम्मानजनक समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ घर-घर दे रहे सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में व्यापक गृह-संपर्क अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत स्वयंसेवक केशराम सेन, ओमप्रकाश यादव सर्व समाज के बीच "पंच परिवर्तन" का संदेश लेकर घर-घर पहुँच रहे हैं। उनका उद्देश्य—हिन्दू समाज में जागरूकता, एकजुटता और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की भावना को मजबूत करना—बताया जा रहा है।

अभियान के दौरान स्वयंसेवक केशराम , ओमप्रकाश प्रत्येक घर में भारत माता का छाया-चित्र, पत्रक और साहित्य भी भेंट कर रहे हैं। इन्होंने पंच परिवर्तन के मुख्य बिंदु में बताया कि सामाजिक समरसता स्वयंसेवकों का पहला संदेश सामाजिक समानता और भाईचारा बढ़ाने पर केंद्रित है। किसी भी समाज या जाति के व्यक्ति के साथ भेदभाव न करना। छुआछूत की भावना से ऊपर उठकर व्यवहार करना। जातिसूचक संबोधनों का प्रयोग न करने की अपील है ,किसी भी समाज के देवी–देवताओं का अपमान नहीं करना और न ही उपहास करना।

स्वयंसेवकों का आगे कहना है कि समरस और सम्मानजनक समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव है। जिसमें पर्यावरण संरक्षण अभियान का दूसरा स्तंभ पर्यावरण सुरक्षा पर आधारित है। इसमें तीन मुख्य सुझाव दिए जा रहे हैं जिसमें पानी बचाना और जल–संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना। वहीं सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करना, जैसे पानी की बोतलें, डिस्पोज़ल, पत्तल, पॉलीथिन आदि। वहीं हरियाली बढ़ाना, अधिक से अधिक पेड़ लगाना तथा जंगलों में कच्चे पेड़ न काटना। स्वयंसेवक लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दे रहे हैं।

राष्ट्र निर्माण में नागरिक कर्तव्य सर्वोपरी

कुटुंब प्रबोधन पर कहा कि तीसरे परिवर्तन का केंद्र परिवार और सांस्कृतिक चेतना है। इस भाग में—अपने धर्म–परंपरा और पूर्वजों की मान्यताओं को समझने और मानने की बात कही जा रही है। भारतीय वेशभूषा, भाषा, संस्कृति, परंपरा और त्योहारों के संरक्षण पर जोर। परिवार के भीतर संवाद, संस्कार और मूल्यों को मजबूत करने का संदेश। स्वास्थ्य आधारित जीवन स्वयंसेवक स्वस्थ, आत्मनिर्भर और कुशल जीवनशैली की बात कर रहे हैं कार्य-कुशलता और हुनर विकसित करने पर बल। स्किल डेवलपमेंट और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की प्रेरणा। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का संदेश शामिल हैं। नशामुक्त, अनुशासित और संयमित जीवनशैली पर भी जोर। नागरिक कर्तव्य बोध अभियान का अंतिम स्तंभ जिम्मेदार नागरिकता पर केंद्रित है। जिसका मुख्य संदेश संविधान और कानून का सम्मान करना। न्याय व्यवस्था तथा नियमों का पालन करना। सार्वजनिक स्थानों पर नशा, ताश, झगड़ा–फसाद और तोड़फोड़ से दूर रहना। शहरों में यातायात नियमों का पालन, जैसे सिग्नल मानना और हेलमेट का उपयोग। स्वयंसेवकों का कहना है कि राष्ट्र निर्माण में नागरिक कर्तव्य सर्वोपरि हैं। अभियान दिवस के संध्या बेला में आरएसएस का यह संपर्क अभियान समाजिक परिवर्तन, पर्यावरण जागरूकता, सांस्कृतिक संरक्षण और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकता को बढ़ावा देने का प्रयास माना जा रहा है। संघ का कहना है कि शताब्दी वर्ष में यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाले भारत के लिए सामाजिक आंदोलन का रूप ले सकती है।

मनरेगा उपायुक्त रामधन श्रीवास ने छुरा जनपद में किया कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राज्य कार्यालय से मनरेगा उपायुक्त रामधन श्रीवास एवं सहायक अभियंता सोमकांत साहू ने जनपद पंचायत छुरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुटेना, घटकर्रा, गायडबरी में प्रधान मंत्री आवास एवं मनरेगा अन्तर्गत विभिन्न प्रकार कार्य जैसे आजीविका डबरी, आंगनवाड़ी, पीडीएस भवन , रूफ टॉप वाटर हार्वेस्टिंग , डिफ़ंग बोरेवेल रिचार्ज पीट के साथ साथ मनरेगा गुड गवर्नेंस रिकॉर्ड 7 पंजी जॉब कार्ड का निरीक्षण किया , उपायुक्त ने पंचायतों के सरपंच सचिव एवं आवास हितग्राहियों से मनरेगा एवं आवास प्रगति के बारे चर्चा किया एवं जल सरक्षण के अधिक से अधिक कार्य लेने के लिए प्रोत्साहित किया । गाय डबरी में मनरेगा अंतर्गत वर्ष आजीविका डबरी का निरक्षण करते हुए हितग्राही आत्मा राम कँवर पिता बिसाहू से चर्चाकिए जिसमे इनके द्वारा लगातार दो वर्षों से मछली पालन किया जा रहा है हितग्राही आत्मा राम ने बताया कि सही देख रेख में धान से अधिक मुनाफ़ा मछली पालन में हो जाता है । उपायुक्त ने क्षेत्र में माँग के आधार पर कार्यों को प्राथमिकता में करने एवं अगले वर्ष के लिए युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से प्लानिंग कर लेबर बजट में नियमानुसार प्राकृक्तिक संसाधन प्रबंधन NRM और कृषि संबंधित कार्य प्रस्तावित करने निर्देशित किए । निर्माण कार्य को सभी प्रकार के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण और मानक अनुरूप करने निर्देशित किए ।

अग्निवीर लोकनाथ साहू का स्वागत...

नवापारा–राजिम। नारी के गेंदलाल साहू के पुत्र लोकनाथ साहू का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती अभियान के तहत हुआ। अग्निवीर लोकनाथ साहू का प्रशिक्षण पश्चात अपने गृहग्राम नारी आगमन पर नवापारा में गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें बधाई दी गई। स्वागत करने वालो में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी–संजय साहू, पालिका उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, धीरज साहू, मयाराम साहू, साधना सौरज, धनमती साहू, देवेंद्र सेन, गजेंद्र साहू सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

पंचांग का दुर्लभ पड़ाव, साल 2026 होगा 13 महीनों का, 17 मई से शुरू होगा पुरुषोत्तम मास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

जब चांद सूरज की चाल अपनी लय बदलती है और पंचांग अचानक एक अतिरिक्त महीना जोड़ देता है, तब साल सिर्फ आगे नहीं बढ़ता तो इसके मायने भी बदल जाते हैं। साल 2026 भी ऐसा ही दुर्लभ पड़ाव लेकर आ रहा है, महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि हिंदू नया वर्ष 12 महीना नहीं बल्कि पूरे 13 महीनों का होगा। यह अतिरिक्त महीना है मलमास कहा जाता है, जिसे लोग अधिक मास या पुरोषोतम मास कहते हैं।

लोक मान्यता है कि यह महीना भगवान विष्णु की खास कृपा बरसाने वाले समय होता है और इसी कारण इसे आध्यात्मिक रूप से सबसे पावन काल माना जाता है। क्यो लगता है सूर्य चन्द्र कैलेंडर के बीच का फर्क ही इस अद्भुत महीने को जन्म देता है। सौर वर्ष 365 दिन का होता है। यह अंतर हर 32 महीने और 16 दिनों में इतना बढ़ जाता है कि पंचांग को संतुलित करने के लिए एक अतिरिक्त महीना जोडना पड़ता है इसी अतिरिक्त महीने को अधिक मास, मलमास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। इसका उद्देश्य सिर्फ कैलेंडर को ठीक करना नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय संतुलन को स्थिर करना भी माना गया है। मिश्रा ने बताया पंचांग के अनुसार अधिक मास 17 मई 2026 से शुरू होकर 15 जून 2026 को समाप्त होगा। इस पूरे महीने को वरदान माना जाता है,यह तप,जप, ध्यान, भक्ति और दान महापवित्र समय है। हिंदू पंचांग में एक ऐसा समय माना जाता है जब सांसारिक और मांगलिक कार्यों को विराम देकर आध्यात्मिक साधना को प्राथमिकता दी जाती है। यह महीना हर तीन साल में एक बार आता है और इसका उद्देश्य पंचांग की गणितीय समायोजन को संतुलित करना होता है, पर धार्मिक रूप से इसे अत्यंत पवित्र माना गया है। महाराज ने यहा भी बताया कि कथाओं में वर्णन मिलता है कि जब एक अतिरिक्त महीना उत्पन्न हुआ तो कोई भी देवता उसे अपनाने को तैयार नहीं था। तब भगवान विष्णु ने उसे अपने संरक्षण में लिया और उसे पुरूषोत्तम मास के रूप में प्रतिष्ठित किया। यही कारण है कि यह समय देवों में भी सर्वोच्च माना जाता है। मान्यता है कि इस अवधि में की गई साधना जीवन में सौभाग्य, शांति और आध्यात्मिक उत्थान लेकर आती है।

वार्ड 7 और 4 में फेवर ब्लॉक सड़क निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 एवं 4 में सड़क सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधाओं के विकास को ध्यान में रखते हुए फेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। यह निर्माण श्याम होटल से बजरंग चौक तक दोनों ओर बनेगी।फेवर ब्लॉक सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा, वर्षा ऋतु में होने वाली कीचड़ की समस्या समाप्त होगी तथा क्षेत्र की साफ-सफाई एवं सौंदर्य में भी वृद्धि होगी। वार्डवासियों ने इस विकास कार्य के लिए नगर पंचायत प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्रेखा ध्रुव, भोलेशंकर जायसवाल, बलराज पटेल,गरिमा ध्रुव, संगीता अजय दीक्षित, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, देवसिंह नेताम, यामीन(ट्रांसजेंडर), पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, चिंताराम सिन्हा ,रमेश शर्मा,योगेंद्र चंद्राकर,धर्मेंद्र चंद्राकर, पंडित परमानंद मिश्रा, नारायण पटेल,निखिल साहू, गिरवर लहरे, मक्खू महराज,धनेश्वर नाग,प्रकाश निर्मलकर, रोशन देवांगन ,ईश्वर यदु,मिथलेश सिन्हा, दीपक साहू, लीना दुबे, रामचरण बंसे, वेदप्रकाश मरकाम, भवानीशंकर सैन, वार्डवासी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

दिव्यांगता दिवस पर राजिम के स्कूल में उत्साह विधायक ने दिया 50 हजार रुपए का अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बुधवार को विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांग स्कूल पहुंचे विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह दिव्यांग स्कूल हमें समाज के वंचितों से जोड़ा। उन्होने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए दिव्यांग बच्चों के लिए 50 हजार रुपए अनुदान दिया। विधायक ने बच्चों के प्रतिभाओं को देखते हुए सराहना की।

इस अवसर पर मौजूद राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि विद्यालय प्रवेश करके बच्चों को देख मै निशब्द हो गया। दिव्यांग बच्चे सच में दिव्य है। इनमें कमी के बाद भी इनके उत्साह उमंग देखते ही बन रहा है। खास बात यह रहा कि बच्चों ने वो कलाकृति का प्रदर्शनी लगाया जो एक आम इंसान के वस की बात नहीं है। श्रवण बाधित एवं मंद बुद्धि के बालक-बालिकाओं ने न केवल बहुत सुंदर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया बल्कि कुछेक अभिनेताओं की मिमिक्री कर कार्यक्रम को रोचक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक उमेश्वरी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक अनिल मानिकपुरी, संजय शुक्ला, चांदनी सिन्हा,कमलकांत, नेहा, रविशंकर सिन्हा,रूख्मनी ,तारिणी, हितेश्वरी, राजेंद्र, डिगेश्वरी, शीतल साहू, नंदकुमार, मोहित देवांगन, कुलेश्वर साहू ,रोहिदास यादव, यशोदा, हीना, चित्रलेखा का विशेष सहयोग रहा। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा विभिन्न खेल कैरम, लुडो, गोला फेंक, तवाफेंक, बैंडमिंटन, रंगोली, चित्रकला में बढ़-चढ़कर भाग लिए।

शिक्षक बच्चों के भविष्य के लिए बनते हैं आशा की किरण

कोसमी के शिक्षक ने अपने वेतन से ₹2.5 लाख खर्च कर स्कूल को बनाया स्मार्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

वनांचल के ग्राम कोसमी में पदस्थ प्राथमिक शाला के शिक्षक हेमलाल ध्रुव ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था में समर्पण का दुर्लभ उदाहरण प्रस्तुत किया है। सीमित संसाधनों वाले इस ग्रामीण स्कूल को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक ने न केवल प्रयास किया, बल्कि इसके लिए अपने निजी वेतन से लगभग ढाई लाख रुपये खर्च कर विद्यालय को पूरी तरह नया स्वरूप प्रदान कर दिया। जानकारी के अनुसार, विद्यालय भवन की छत की ढलाई, छबाई, पुताई, पेंटिंग, कक्षाओं की मरम्मत और आवश्यक शैक्षणिक-सामग्री की व्यवस्था शिक्षक द्वारा स्वयं कराई गई। इससे प्राथमिक शाला कोसमी आज पुराने जर्जर स्वरूप से निकलकर एक स्मार्ट, स्वच्छ और आकर्षक स्कूल के रूप में बदल चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक हेमलाल ध्रुव लंबे समय से बच्चों की पढ़ाई और स्कूल के वातावरण को सुधारने के लिए प्रयासरत थे। संसाधनों की कमी और प्रशासनिक प्रक्रिया में देरी को देखते हुए उन्होंने स्वयं ही जिम्मेदारी उठाई और अपने वेतन से निर्माण कार्य व आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था की।शिक्षक की इस पहल की ग्रामवासियों ने जमकर सराहना की है। उनका कहना है कि वनांचल जैसे क्षेत्रों में जहां सरकारी सुविधाएं समय पर नहीं पहुंच पातीं, वहां ऐसे सेवा-भावी शिक्षक बच्चों के भविष्य के लिए आशा की किरण बनते हैं।

इच्छाशक्ति और समर्पण हो तो संसाधन बाधा नहीं बनते

ग्रामीण अभिभावकों का कहना है कि स्कूल के नये स्वरूप से अब बच्चों का उत्साह बढ़ा है और उपस्थिति में भी सुधार देखने को मिल रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी शिक्षक की इस भावना को अनुकरणीय उदाहरण बताते हुए कहा कि सरकारी शिक्षा को मजबूत करने के लिए ऐसे जिम्मेदार और प्रेरक शिक्षक अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी हेमलाल ध्रुव की इस सेवाभावी पहल की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित करने की बात कही है। शिक्षक के इस कदम ने यह साबित किया है कि यदि इच्छाशक्ति और समर्पण हो तो संसाधन बाधा नहीं बनते। कोसमी के इस सरकारी स्कूल की बदली तस्वीर अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय है और अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा भी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
Email Id- sdmchhura@gmail.com

// उद्घोषणा //

ई-कोर्ट. 202512222000004/अ-2/ वर्ष 2025-26
ग्राम- पण्डरीपानीडीह प.ह.नं. 25
तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग.
छुरा दिनांक 01.12.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सुषमा सोनपिपरे पिता राजेन्द्र रामटेके जाति महार निवासी ग्राम छुरा, तहसील छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम पण्डरीपानीडीह, प.ह.नं. 25 तहसील-छुरा में स्थित अपनी भू-स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 109/2 रकबा 0.0325 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन के लिए आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा, बी-1, की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत किया है। अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 17.12.2025 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा । मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से आज दिनांक 01.12.2025 को जारी किया गया ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर
छुरा

खबर संक्षेप

देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर निकाली गई शोभायात्रा

मैनपुर। मैनपुर तहसील मुख्यालय से 10 किमी दूर ग्राम गोबरा में गुरूवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। इस मड़ाई मेला मे क्षेत्र भर के देवी-देवताओं की ध्वज पताके डांगडोली पहुंचे जहां पूरे क्षेत्र भर के लोगों के द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख -शांति- समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया गया और देवी - देवताओ की शोभायात्रा निकाला गया। देवी-देवताओं की शोभायात्रा में उनसे आशीर्वाद लेने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। क्षेत्र में मड़ाई मेला में भारी उत्साह देखने को मिला। आदिवासी परंपरा अनुसार देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर मड़ाई बिहाई गई और एक दिन पूर्व रात्री जागरण कर पूजा अर्चना किया गया। इस मड़ाई मेला मे शामिल होने आसपास ग्रामों के हजारों लोग पहुंचे जहां कई प्रकार के दुकान लगाई गई थी और जमकर खरीददारी भी हुआ।

नगर के श्री दत्तात्रेय मंदिर से निकली शोभायात्रा

राजिम। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के तत्वावधान में गुरुवार को भगवान श्री दत्तात्रेय का प्राकट्य उत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाला गया, नगर के श्री दत्तात्रेय मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुआ ,जो गरियाबंद मार्ग से पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक, बस स्टैंड, गायत्री मंदिर, पटेल पारा, थाना पारा, ब्रह्मण गुड़ी चौक, महामाया मंदिर से सब्जी बाजार होते हुए वापस दत्तात्रेय मंदिर में समापन हुआ। गोस्वामी समाज के सभी महिला, पुरुष, बच्चों के हाथों में भगवा झंडा था जो लहराते चल रहे थे। रास्ते भर आतिशबाजी और भगवान श्री दत्तात्रेय के जयकारा लगते रहा। डीजे की धुन पर वाहन में भगवान श्री दत्तात्रेय का कट्आउट था। भव्य शोभायात्रा में समाज के संरक्षक उमेश भारती, अशोक गिरी, प्रदेश अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन, उपाध्यक्ष संजय पुरी , मिडिया प्रभारी कामेश्वर गोस्वामी, पोखराज बन, पप्पू जनार्दन, श्याम गिरी, भारद्वाज गिरी, भूपेन्द्र पुरी, महासमुंद जिला अध्यक्ष तोषण गिरी, लवकिशन, हरीश ,जयंत गिरी, प्रशांत गिरी, होरेंद् गिरी, मनीष बन, बद्री पुरी, कमलेश पुरी, अखिलेश पुरी, गिरेंद्र पुरी, उषा किरण, संगीता, रश्मि, अंजू, सरस्वती, सिमा, पूर्णिमा, जीवनी, विमला, विमल, ममता, अंजनी, मंजू सहित प्रदेश भर के गोस्वामी जन शामिल हुए।

नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में अर्ध वार्षिक परीक्षाएं शुरू

छुरा। नगर के प्रतिष्ठित स्कूल नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में बच्चों के पढ़ाई का स्तर हमेशा उच्च स्थान पर रहता है। विद्यालय में सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा, नवोदय स्कूल प्रवेश परीक्षा, गौ विज्ञानं परीक्षा, प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा के साथ स्कूल स्तरीय अर्ध वार्षिक परीक्षा का आयोजन 2 दिसंबर से चल रहा है। प्राचार्य श्री संतोष कुमार निषाद ने बताया कि पढ़ाई का आधा कोर्स पूर्ण हो चुका है, इसलिए अर्ध वार्षिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बच्चे पूरी तैयारी में हैं।

वार्ड 29 में नपाध्यक्ष ने किया शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन

महासमुंद। शहर के वार्ड क्रमांक 29 पीएचई कॉलोनी में विकास कार्यों को गति देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं कांग्रेसी युवा नेता निखिलकांत साहू व वार्ड पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा ने शेड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया।

अव्यवस्था : स्कूल ग्रामीणों के घरों, पंचायत भवन एवं अन्य वैकल्पिक व्यवस्था में चल रहा

25 साल बाद भी शिक्षा से वंचित कमार आदिवासी बच्चे, तीन दर्जन से अधिक स्कूल भवन विहीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्षों बाद भी गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी बच्चों को पढ़ाई करने के लिए एक अदद स्कूल भवन नसीब नहीं हो पा रहा है इससे यह अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि शिक्षा विभाग को करोड़ो रूपये की बजट जारी करने के बाद भी विभाग के अफसरो द्वारा शिक्षा के प्रति कितना ध्यान दिया जा रहा है यह आसानी से समझा जा सकता है और तो और मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के कई स्कूल भवन निर्माण के लिए सर्व शिक्षा अभियान द्वारा 20 वर्श पहले लाखो रूपये की राशि जारी किए गये है। लेकिन आज तक स्कूल भवन का निर्माण पूरा नही हो पाया है इन स्कूल भवनो का निर्माण क्यों नही हो पाया है इसका आज तक न जांच हुआ न कोई कार्यवाही हुई बल्कि शिकायत होने पर संबंधित विभाग द्वारा मामलो की निपटारा कागजी स्तर पर कर दिया जाता है जिसके कारण वि"ाश पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासी बच्चों को मजबूरन कही पेड़ के नीचे या फिर झोपड़ी अपना सुनहरा भविष्य गढ़ना पड़ रहा है केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासियों के विकास और उथान के लिए दर्जनो योजनाए संचालित किया जा रहे है लेकिन क्या इन सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल में ग्रामीणों को मिल पा रहा है या नही इसे देखने वाला कोई नही है। नवापारा में पंचायत भवन, नहरपारा में आंगनबाड़ी भवन, मोतिपानी में झोपड़ी एवं रंगमंच, गाजीमुड़ा में वन विभाग के आहता भवन में स्कूल का संचालन किया जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड के वि"ाश पिछड़ी कमार जन जाति ग्राम कुल्हाड़ीघाट के पहाड़ी उपर बसे ग्राम भालुडिग्गी, ताराझर, कुरूवापानी में आज तक स्कूल भवन नही होने के कारण ग्रामीण के झोपड़ी में संचालित हो रहा है वहीं मैनपुर विकासखण्ड के सरईपानी, केंदुपाटी, कोयबा, डूमरघाट, बहरापारा,माध्यमिक शाला कुल्हाड़ीघाट, परियाबाहरा, बिरीघाट, कोदोमाली, भाठापानी, सगड़ा, फरसरा, सारीपारा, खुड़बुड़ी, उदंती, देवझर अमली, नवापारा, कांदाखोदरा, नहरपारा,लाटापारा, बांजीपदर सहित तीन दर्जन से ज्यादा ऐसे स्कूल संचालित हो रहे है जिसके पास स्वयं का भवन नही है इन स्कूल भवनों का भवन जर्जर होने के कारण स्कूल भवन ग्राम पंचायत, रंगमंच, आंगनबाड़ी भवन पंचायत भवन, सामुदायिक भवन या ग्रामीणों के घर में संचालित किया जा रहा है। इन ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा कई बार स्कूल भवन निर्माण की मांग किया जा चूका है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नही देना समझ से परे है।

समस्याओं से अवगत कराया

शिक्षा मंत्री से स्कूल भवन की मांग किया की मैनपुर पहुंचे शिक्षामंत्री से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि वरिष्ठजन पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम, बनसिंह सोरी, अर्जुन नायक, भुनेश्वर नेगी एवं ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ के शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव को ज्ञापन सौप कर स्कूल भवन की समस्या से अवगत करते हुए स्कूल भवन निर्माण की मांग किया है साथ ही क्षेत्र की कई समस्याओं से अवगत कराया।

विधानसभा में मामले को उठाएंगे

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा की मैनपुर क्षेत्र में दर्जनों स्कूल भवन अधूरे पड़े हुए है। कई जगह स्कूल भवन के अभाव में बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसकी लगातार ग्रामीणों द्वारा मांग किया जा रहा है लेकिन छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जनक ध्रुव ने बताया की विधानसभा में इस मामले को प्रमुखता के साथ उठाया जायेगा।

झोपड़ी में संचालित हो रहा स्कूल

कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम जो पहाड़ी के ऊपर बसा है विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, भालूडिग्गी यहा शासन द्वारा लगभग 15 से 20 वर्ष पहले प्राथमिक शिक्षा के लिए स्कूल तो खोला गया है लेकिन इन ग्रामो मे पढ़ाई करने वाले छात्र –छात्राओ के लिए स्कूल भवन का निर्माण आज तक नही किया गया है जिसके कारण खुले आसमान के नीचे विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार बच्चे अपने सुनहरे भविष्य गढ़ रहे है। ताराझर प्राथमिक शाला मे 20 छात्र- छात्राएं है भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था लेकिन आज तक 15 वर्शो मे पूरा नही हुआ, कुर्वापानी मे स्कूल भवन ही नही है, भालूडिग्गी मे एक भवन टीन शेड का बनाया गया था जिसे दो साल पहले जंगली हाथियों के दलों ने तोड़फोड़ कर तहस -नहस कर दिया। इन चारों स्कूलो मे बच्चो को पढ़ाने के लिए शिक्षक की तैनाती की गई है लेकिन भवन नही होने के कारण खुले आसमान के नीचे या फिर किसी ग्रामीण के झोपड़ी मे कक्षाएं संचालित हो रहा है ऐसा नही कि इसकी जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियो को न हो हर बार बैठक मे यहां स्कूल भवन निर्माण के लिए कार्ययोजना तो बनाया जाता है लेकिन अभी तक इसे अमलीजामा नही पहनाया गया है।

धान खरीदी में पारदर्शिता के सख्त निर्देश हर वाहन का फोटो लेना अब अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में धान खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बनाने जिला प्रशासन अब कड़े रुख में दिखाई दे रहा है। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने सभी खरीदी केंद्रों को निर्देशित किया है कि धान बेचने पहुंचे प्रत्येक किसान के वाहन और धान का फोटो रीयल टाइम में पोर्टल पर अपलोड करना 100 प्रतिशत अनिवार्य होगा ।

कलेक्टर ने कहा कि यह प्रक्रिया खरीदी कार्य में किसी भी तरह की गड़बड़ी, फर्जीवाड़ा या शॉर्टेज की आशंका को खत्म करेगी और पूरी कार्यवाही का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि फोटो अपलोड में कोताही, लापरवाही या टालमटोल पाए जाने पर संबंधित समिति प्रबंधक पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने बताया कि इस व्यवस्था से किसानों के हित सुरक्षित रहेंगे, खरीदी की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और भुगतान प्रक्रिया भी तेज होगी। खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को तकनीकी संसाधन दुरुस्त रखने, कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देने और प्रक्रिया का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

गए हैं। साथ ही, अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर पोर्टल पर फोटो अपलोड की स्थिति की समीक्षा करने और त्रुटि मिलने पर तत्काल सुधार कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

भाजपा मंडल के कार्यकर्ता एसआईआर को लेकर गांव-गांव पहुंच रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा मतदाता विशेष गहन पुर्नरीक्षण एसआईआर कार्य को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव के नेतृत्व में दूरस्त वनांचल के ग्रामों तक पहुंचकर विभिन्न बुथों पर बुथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर छुटे मतदाताओं को जोड़ने विषय पर चर्चा किया। निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर की टीम ने जांगड़ा बूथ, तौरेंगा बूथ, बरगांव बूथ एवं जुगाड़ बूथ में पहुंचकर ग्रामीणों एवं मतदाताओं से सीधा संपर्क कर एसआईआर संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। टीम ने बूथों में उपस्थित आमजन को बताया कि एसआईआर अभियान के दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकते हैं, छूटे हुए नाम पुनः शामिल कराए जा सकते हैं, नाम, उम्र व अन्य विवरणों में सुधार कराया जा सकता है, मृत या डुप्लिकेट नाम हटाए जा सकते हैं। सभी ग्रामीणों से अपील की गई कि समयावधि में अपने-अपने दस्तावेजों की जांच कर आवश्यक सुधार अवश्य कराएं। इस मौके पर प्रमुख रूप से संतोष यादव, अध्यक्ष भाजपा मंडल मैनपुर, घनश्याम मरकाम महामंत्री एवं सरपंच ग्राम पंचायत शोभा, दिनेश सचदेव, महामंत्री, रामदास वैष्णव, मनोज निर्मलकर, अनुप कश्यप, माधो सिन्हा, अरविंद नेताम, वेदराम यादव, चमार सिंह सिन्हा, लवन जगत, बनसिंह सोरी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

ग्राम कौंदकेरा शिविर में छात्रों को पुलिस का संदेश, साइबर सतर्कता व नशा मुक्ति जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक लाईन गोपाल वैश्य ए जिला स्काउट गाइड के जिला संयोजक रोमन साहू, यातायात प्रभारी सउनि रामाधार मरकाम एवं टीम के द्वारा गुरुवार को थाना राजिम क्षेत्रंतर्गत ग्राम कौंदकेरा में आयोजित जिला स्तरी स्काउट गाइड के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में गरियाबंद पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों राहवीर योजनाएं, साइबर फ्राड से बचावए तथा नशा मुक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने स्काउट गाइड के स्कूली बच्चों को बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। हेलमेटए सीट बेल्ट का उपयोगए ओवरस्पीड से बचना तथा वाहन चलाते समय

मोबाइल फोन का उपयोग न करना बेहद जरूरी है। इस के साथ ही राहवीर योजना के अंतर्गत दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्तियों की त्वरित सहायता तथा अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाना नागरिकों का मानवीय दायित्व है। राहवीर योजना के अंतर्गत अच्छे काम करने वालों को शासन द्वारा समय-समय पर पुरस्कृत भी किया जाता है। बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनज़र ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी, अनजान व्यक्ति को अपने ओटीपी साझा न करना साथ ही इस प्रकार के संदिग्ध मैसेज की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की गई। नशा मुक्ति के विषय में युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा नशा मुक्त समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकगण के साथ स्काउट गाइड के शिक्षक एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

कोदोमाली की आदिवासी महिला को ऑपरेशन के लिए तत्काल आर्थिक सहायता की जरूरत

मैनपुर। विकासखंड मुख्यालय मैनपुर के ग्राम पंचायत साहेबिनकछार के आश्रित ग्राम कोदोमाली के आर्थिक स्थिति से बेहद कमजोर आदिवासी महिला रुक्मिणी बाई पति तुलाराम मरकाम उम्र लगभग 50 वर्ष जिनको 22 नवम्बर को बच्चेदानी में परेशानी एवं पेशाब मे रूकावट होने के कारण बड़ी परेशानी से ग्रामीणों के द्वारा मदद करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर में लाया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा प्रारंभिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बाहर ले जाने के लिए सलाह दिया गया। तत्पश्चात उसी दिन परिवार वाले सोनी हॉस्पिटल

अभनपुर ले जाया गया। जहां पर पीड़ित महिला को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज किया जा रहा है। लेकिन ऑपरेशन के लिए अस्पताल प्रबंधन के द्वारा राशि देने के लिए कही जा रही है। उनके पति तुलाराम ने बताया कि विगत दो वर्षो से मेरे पत्नी के इलाज में पूरा जमा पूंजी खर्चा हो गया है। ऑपरेशन के लिए राशि जुटाना मुश्किल हो रहा है। अपने पत्नी के सफल ऑपरेशन कराने के लिए हाथ जोड़कर जनप्रतिनिधि समाजसेवियो से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

बूथ, ब्लाक व जिला स्तर पर कांग्रेस को बनाएं मजबूतः सुकचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कांग्रेस द्वारा नवनियुक्त गरियाबंद जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा का मैनपुर विकासखंड के धुर्वागुड़ी, गोहरापदर मुख्यालय में जोरदार स्वागत हुआ। कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि तपेश्वर ठाकुर के नेतृत्व में अमलीपदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। वहीं देवभोग में ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र मांझी और नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश तिवारी के नेतृत्व में जोरदार आतिशबाजी के साथ फूल मालाओं से श्री बेसरा का जोशीला स्वागत किया गया। प्रदेश प्रतिनिधी तपेश्वर ठाकुर ने कहा कि बिन्द्रानवागढ़ को पहली बार जिला अध्यक्ष जैसे पद को जवाबदारी मिली है, जिसके लिए हम सब संगठन के आभारी हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुकचंद बेसरा ने

कहा कि सभी को साथ लेकर चलना, वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और कर्मठ कार्यकर्ताओं संग रायसुमारी कर ही संगठन को मजबूत करने के दिशा में काम करना मेरा लक्ष्य होगा। उन्होने आगे कहा की कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक ले जाकर और अधिक मजबूत बनया जायेगा कांग्रेस संगठन को बुथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूत किया जायेगा ताकि जनता की आवाज सड़को से लेकर सदन तक पहुचें।

क्षेत्र में संगठन और अधिक मजबूत होगा

गरियाबंद जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर ने कहा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनने से निश्चित रूप से क्षेत्र में संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष को बधाई दी। इस स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तपेश्वर ठाकुर, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, कुंजलराम यादव, अलतमस खान, दुर्गा चरण अवस्थी, लोकेन्द्र सिंह कोमर्रा, अरुण सोनवानी, मानसिंह दुर्गा गोवर्धन प्रधान, उमेश डोंगरे, निरंकार डोंगरे ओंकार लाल सिंह ईमान साहू, प्रताप महंती, धनसिंह मरकाम, सोदार कश्यप, प्रेम आडिल, पाढुनाथ यादव श्रवण सतपथी, मेघराम बघेल, राजकुमार प्रधान, महेश्वर बघेल, नीलाधर साहू, गजेंद्र सिन्हा, सुग्रीव साहू, अल्तमस खान, देवानंद राजपूत, रामानुज नेताम, दुर्जन साहू, टकधर साहू, मेघराम बघेल, मनोज पांडे, देवानंद राजपूत, धर्मेंद्र बघेल, मिलेन्द्र मांझी, गजेंद्र सिन्हा, रामानुज नेताम, प्यारेलाल नेताम, भारत ध्रुव बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

16 दिसंबर को पहली ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण, 11 तक फॉर्म जमा करना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

जिले सहित क्षेत्र में मतदाता सूची के विषय गहन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया जोर शोर से जारी है। निर्वाचन आयोग ने इस बार बेहद कड़े निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि गणना प्रपत्र 11 दिसंबर तक हर हाल में जमा कर देना आवश्यक है। इसके बाद 16 दिसंबर को पहली ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। ड्राफ्ट सूची में जिन मतदाताओं का नाम नहीं मिलेगा उनके लिए आगे की प्रक्रिया लंबी, जटिल और समय लेने वाली होगी। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति को निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के समक्ष दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना पड़ेगा। यदि वहां संतुष्टि नहीं मिलती, तो मामला कलेक्टर और आवश्यकता पड़ने पर मुख्य निर्वाचन



पदाधिकारी (सीईओ) छत्तीसगढ़ रायपुर तक पहुंच सकता है। सीईओ की असंतुष्टि की स्थिति में मतदाता का नाम सूची से हटाया भी जा सकता है। एसआईआर फ़ार्म को समय पर जमा करना इस बार केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों की सुरक्षा से जुडा महत्वपूर्ण दायित्व बन गया है। अधिकारी लगातार अपील कर रहे हैं साथ ही साथ कोटवार द्वारा मुनादी भी कर रहे हैं कि वेबसाइट पर बढ़ते लोड, बीएलओ की दोहरी जिम्मेदारी और जिले की व्यापक भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए लोग अपनी जानकारी जल्दी ही जमा कर दे। विलंब करने वालों को तहसील और जिला कार्यालय के चक्कर लगाना पड़ सकता है। यदि कोई पात्र मतदाता एसआईआर फ़ार्म समय सीमा में जमा करने से चूक जाता है, तो उसे 16 2025 से 15 जनवरी 2026 तक चलने वालीं दावा आपत्ति अवधि में फार्म 6 जमा करने का मौका मिलेगा। संदिग्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर ईआरओ नोटिस जारी करेगा और 31 जनवरी 2026 तक सुनवाई एवं सत्यापन के बाद अंतिम निर्णय देगा। थाना प्रभारी छुरा पवन वर्मा ने बताया कि साइबर ठग योजनाओं के लाभ का झांसा देकर ठगी का प्रयास कर रहे हैं। जिले सहित क्षेत्र में ऐसे मामले सामने आए हैं। लोगों से अपील है कि वे अपनी गोपनीयता बैंक जानकारी किसी से सांझा न करें और किसी संदिग्ध काल पर तुरंत सतर्क हो जाएं। एसआईआर प्रक्रिया जिले सहित क्षेत्र के हर नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यही भविष्य की मतदाता सूची का आधार बनेगी। प्रशासन ने समय पर फार्म भरने, सतर्क रहने और किसी भी भ्रम की स्थिति में सीधे बीएलओ या ईआरओ से संपर्क करने की अपील की है।